# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (21.05.2025)

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 21.05.2025, PAGE-04**

# बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के वोकेशनल कोर्स की बढ़ी फीस

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में वोकेशनल कोर्स की बढ़ी फीस इसी सत्र से लागू होगी। वोकेशनल कोर्स में सत्र 2025-26 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू है। 30 मई तक विद्यार्थी आवेदन करेंगे। वहीं, फीस वृद्धि की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

विश्वविद्यालय के पीजी विभाग और कालेजों में 18 वोकेशनल कोर्स संचालित हो रहे हैं। इसके लिए पहली बार विश्वविद्यालय स्तर पर सेंट्रलाइज्ड एडमिशन प्रक्रिया शुरू की गई है। आनलाइन आवेदन के लिए 19 मई को पोर्टल खोला गया है। वहीं पांच जून को प्रवेश परीक्षा की तिथि निर्धारित की गई है। 15 जून से विभाग या कालेजों में नामांकन लिया जाएगा। 30 जून को सीसीडीसी कार्यालय में नामांकन की रिपोर्ट जमा करनी है, जबकि 1 जुलाई से क्लास शुरू होगी। सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह की मानें तो पीजी विभाग और कालेजों में सेल्फ फाइनेंस मोड में संचालित वोकेशनल कोर्स की फीस रिवाइज की गई है। विश्वविद्यालय के इंप्लीमेंटेशन एंड मानिटरिंग सेल के प्रस्ताव को वीसी के पास भेजा गया था।

**5** जून को प्रवेश परीक्षा की तिथि की गई निर्धारित

**18** वोकेशनल कोर्स वर्तमान में हो रहे संचालित

**19** मई को आनलाइन आवेदन के लिए खोला गया पोर्टल

**वोकेशनल कोर्स में सत्र 2025-26 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू, 30 मई तक करेंगे आवेदन**



### इस तरह होगा फीस

| कोर्स | प्रथम सेमेस्टर/वर्ष का शुल्क |
|---|---|
| बीसीए | 15000 |
| बीबीए | 15000 |
| आईएमबी | 15000 |
| सीएनडी | 15000 |
| इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री | 12500 |
| आईएफएएफ | 15000 |
| एमसीए | 25000 |
| सीआईसी | 11000 |
| पीजीडीसीए | 20000 |
| बी.लिस. | 15000 |
| पीजीडी इन हिंदी जर्नलिज्म | 14000 |
| पीजीडी इन क्लिनिकल साइकोलाजी | 12000 |
| पीजीडी इन योगिक स्टडीज | 15000 |
| बीएमसी | 15000 |
| फैशन डिजाइनिंग | 15000 |
| फुड साइंस क्वालिटी कंट्रोल | 11000 |
| कंपाउड एक्वाकल्चर | 13000 |
| बायो टेक्नोलाजी | 15000 |

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR

DATE: 21.05.2025, PAGE-04


# पीएचडी में नामांकन प्रक्रिया से पूर्व मांगा खाली सीटों का ब्योरा

## विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी को 24 मई तक का दिया समय

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीएचडी में नामांकन प्रक्रिया शुरू करने से पहले रिक्त सीटों का ब्योरा लेने का फैसला लिया है। जिस विषय में सीट खाली रहेगी। अब उसी विषय में विद्यार्थी आवेदन करेंगे। रिक्त सीटों का ब्योरा 24 मई तक उपलब्ध कराने को कहा गया है। आवेदन के लिए पोर्टल खोलने से पहले पैट 2023 और 2024 के लिए विषयवार रिक्त सीटों की जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जाएगी। सत्र 2023 और 2024 के लिए अलग-अलग रिक्ति तय होगी। जबकि, आवेदन से लेकर नामांकन प्रक्रिया एक ही साथ शुरू होगी। विश्वविद्यालय की ओर से सभी पीजी विभागों से विषयवार खाली सीटों की जानकारी 24 मई तक उपलब्ध कराने को कहा गया है। वहीं, 26 मई से आवेदन के लिए पोर्टल खोलने का प्रस्ताव दिया गया है।

**दो सत्रों में होगी पैट परीक्षा :** विश्वविद्यालय में दो सत्रों के लिए पैट परीक्षा होगी। परीक्षा की प्रशासनिक तैयारी शुरू है। इसमें किसी तरह की गड़बड़ी नहीं होगी। परीक्षा में पारदर्शिता अपनायी जाएगी। पैट के नोडल अधिकारी प्रो. बीएस राय ने सभी पीजी विभागाध्यक्षों को पत्र भेजा है। जिसमें विषवार रिक्ति सीटों का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा है। विभागाध्यक्षों को कहा गया कि अब तक जितनी सीट उपलब्ध है, उसकी रिपोर्ट दें। जिस विषय में सीट खाली रहेगी, उसी में आवेदन के लिए विकल्प भी मिलेगा।

- जिस विषय में सीट होगी खाली विद्यार्थी उसी विषय के लिए कर सकेंगे आवेदन
- सत्र 2023 और 2024 के लिए अलग-अलग रिक्ति होगी तय 26 से पोर्टल खुलने की संभावना



## कालेजों की लापरवाही से समय पर नहीं हो सका नामांकन

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अंगीभूत व संबद्ध कालेजों की लापरवाही के कारण स्नातक सेकेंड सेमेस्टर का एडमिशन समय पर नहीं हो सका है।

विश्वविद्यालय की ओर से अब 30 मई तक नामांकन की तिथि विस्तारित कर दिया है। सत्र 2024-28 के फर्स्ट सेमेस्टर का रिजल्ट पिछले महीने जारी किया गया था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सेकेंड सेमेस्टर में एडमिशन के लिए कालेजों को निर्देश दिया गया था। 20 मई तक नामांकन का आदेश दिया गया था, लेकिन कई कालेजों में नामांकन पूरा नहीं हो सका। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि 21 से 30 मई तक नामांकन की तिथि विस्तारित किया गया है। सभी अंगीभूत व संबद्ध कालेज के प्राचार्यों को इस संबंध में आदेश दिया गया है। साथ ही, यह भी कहा गया कि समय पर नामांकन लेना सुनिश्चित करें। बता दें कि विश्वविद्यालय के परीक्षा कैलेंडर के अनुसार सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा 29 मई से और जुलाई में रिजल्ट जारी होना था। लेकिन अब तक एडमिशन की प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण परीक्षा भी समय पर शुरू नहीं हो सकेगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE: 21.05.2025, PAGE-04


## सीईटी बीएड की परीक्षा 28 मई को 29 केंद्रों पर होगी आयोजित

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में दो वर्षीय बीएड कोर्स में नामांकन के लिए होने वाले सीईटी बीएड 2025 परीक्षा 28 मई को होगी। जिले के 29 केंद्रों पर परीक्षा होगी। इसमें 10 केंद्र लड़की और 19 लड़कों के केंद्र हैं। विश्वविद्यालय स्तर से परीक्षा की तैयारी अंतिम चरण में है। सभी केंद्रों पर आब्जर्वर की नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ ही प्रत्येक तीन परीक्षा केंद्र पर एक फ्लाइंग स्क्वायड रहेगा। सभी टीम में दो-दो सदस्य रहेंगे। 28 मई को होने वाले प्रवेश परीक्षा के लिए नोडल यूनिवर्सिटी एलएनएमयू बुधवार को एडमिट कार्ड जारी करेगा। सीईटी बीएड के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए तीन परीक्षा केंद्रों पर एक फ्लाइंग स्क्वायड की नियुक्ति की जाएगी। सभी केंद्रों पर केंद्राधीक्षक व वीक्षक की नियुक्ति नोडल



यूनिवर्सिटी की सहमति से की जानी है। वहीं परीक्षा के दिन नोडल यूनिवर्सिटी व यूनिवर्सिटी के साथ जिला प्रशासन की टीम भी निगरानी करेगी। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के लिए इस साल 18332 अभ्यर्थियों ने परीक्षा फार्म भरा है। विश्वविद्यालय से संबद्ध 57 कालेजों में 6150 सीटों पर बीएड में एडमिशन होना है। नोडल यूनिवर्सिटी की ओर से ही मेरिट के आधार पर सफल अभ्यर्थियों को कालेज आवंटित किया जाएगा।


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:20.05.2025, PAGE-06


## सिंधु जल समझौते के अपने निर्णय पर अडिग रहे भारत

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अमर बहादुर शुक्ला ने कहा कि पाकिस्तान सीमा पार से भारत में लगातार आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने सबसे पहले सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया। अब जरूरत है कि इस समझौते को लेकर लिए गए अपने निर्णय पर भारत अडिग रहे। इस मामले में किसी देश या अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के दबाव में नहीं आए। पाकिस्तान अब जिस भाषा को समझता है, उसे उसी में मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार के समझौते, व्यापार व संबंध

**जागरण विमर्श**

जागरण विमर्श में बोले विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अमर बहादुर शुक्ला

दीर्घकालीन अवधि के लिए रोका जाए। इस मामले में भारतीय नेतृत्व को उदार होने की जरूरत नहीं है। वे सोमवार को दैनिक जागरण कार्यालय में विमर्श में बोल रहे थे। विषय था-आतंकवाद पर पाक को बेनकाब करने की भारत की डिप्लोमेसी का असर व लाभ।



डा. अमर बहादुर शुक्ला • जागरण

उन्होंने कहा कि बंटवारे के साथ ही पाकिस्तान में भारत के प्रति द्वेष की भावना उत्पन्न हुई और तब से शुरू सीमा पार गतिविधियां लगातार जारी हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत व इसके नेतृत्व ने वैश्विक पटल पर अपनी अलग पहचान कायम की है। आर्थिक क्षेत्र प्रगति की है। मेक इन इंडिया जैसा प्रोग्राम चल रहा। यह अमेरिका समेत कुछ देशों को पच नहीं रहा। अमेरिका, भारत व पाकिस्तान को एक ही नजर से देखता है। ऐसा उसे नहीं करना चाहिए। भारत को इसका विरोध अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जताना चाहिए जो अब तक नहीं हुआ है। भारत को डिप्लोमेसी में बदलाव की जरूरत है। उसे स्पष्ट रूप से अमेरिका जैसा दोहरा रवैया अपनाने वाले देशों को संदेश देना चाहिए कि वे इसे नहीं सहन करेगा। भारत तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है। ऐसे में अब उसे किसी देश का पिछलग्गू बनने की जरूरत नहीं है। यह भी सच है कि आइएमएफ ने जिन शर्तों पर पाकिस्तान को पैकेज दिया है, वह उसका हमेशा से उल्लंघन करता है। इसके बाद भी लगातार पाकिस्तान को फंड मिलते हैं। अमेरिका खुद व आइएमएफ जैसी संस्थाओं के जरिए उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में भारत पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने के लिए पाकिस्तान को आर्थिक मदद करता है।

### प्रथम परमाणु वार नहीं की नीति बदलने की जरूरत

पाक के व्यवहार को देखकर भारत को अपनी विदेश नीति में बदलाव करने की जरूरत है। कहा जाता है कि यह हमारी विदेश नीति का सिद्धांत है कि भारत पहले परमाणु हथियार का इस्तेमाल नहीं करेगा। अब इसे बदलने की जरूरत है।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:21.05.2025, PAGE-04

अधिसूचना जारी. डेढ़ दर्जन कोर्स की बीआरएबीयू ने बढ़ायी फीस

# वोकेशनल कोर्स की बढ़ी हुई फीस अब नये सत्र से की जायेगी लागू

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के विभिन्न कॉलेजों में संचालित वोकेशनल कोर्स की फीस में बढ़ोतरी की गई है. बढ़ी हुई फीस नए सत्र से लागू करने की योजना है. इसको लेकर विवि से पत्र जारी कर फीस स्ट्रक्चर की जानकारी सभी कॉलेजों को दी गई है.

बताया गया है कि वोकेशनल कोर्स में सत्र 2025-26 में दाखिले के लिए बढ़ी हुई फीस ली जाएगी. सभी कोर्स की फीस में बढ़ोतरी की गई है. सीसीडीसी प्रो.मधु सिंह की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है वोकेशनल कोर्स की फीस रिवाइज की गई है. विवि के इंप्लीमेंटेशन एंड मॉनिटरिंग सेल के प्रस्ताव पर कुलपति के अनुमोदन के बाद नया फीस स्ट्रक्चर प्रभावी हो गया है. ऐसे में नए सत्र में विद्यार्थियों से इसी अनुसार फीस लिया जाएगा. बता दें कि विवि के दो दर्जन कॉलेजों में वोकेशनल कोर्स का संचालन किया जा रहा है.

## 30 तक नामांकन के लिए ले रहे हैं आवेदन

वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए विवि के स्तर पर केंद्रीकृत आवेदन की प्रक्रिया चल रही है. 30 मई तक पोर्टल पर आवेदन लिया जाएगा. पांच जून को प्रवेश परीक्षा होगी और 15 से कॉलेजों में नामांकन शुरू हो जाएगा. एक जुलाई से नए सत्र की कक्षाओं का संचालन शुरू होना है. विवि की ओर से बताया गया कि प्रवेश परीक्षा दो घंटे की होगी. इसमें कुल 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे. प्रत्येक प्रश्न के लिए दो-दो अंक निर्धारित हैं. गणित, सामान्य ज्ञान, लॉजिकल रिजनिंग और अंग्रेजी से प्रश्न होंगे.

### प्रथम सेमेस्टर/वर्ष का ये है शुल्क

- बीसीए- 12500- 15000 रुपये
- बीबीए -12500- 15000 रुपये
- आइएमबी- 14000-15000रुपये
- सीएनडी - 10000- 15000रुपये
- इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री -11500रुपये - 12500 रुपये
- आईएफएएफ-14000- 15000
- एमसीए- 19000-25000 रुपये
- सीआईसी - 10000- 11000 रु
- पीजीडीसीए - 14000- 20000रु
- बीलिस -13000- 15000 रुपये पीजीडी इन हिंदी जर्नलिज्म -13000- 14000 रुपये
- पीजीडी इन क्लिनिकल साइकोलॉजी -10000- 12000
- पीजीडी इन योगिक स्टडीज- 9000 रुपये- 15000 रुपये
- बीएमसी - 12000- 15000 रुपये
- फैशन डिजाइनिंग -14000 रुपये- 15000 रुपये
- फूड साइंस क्वालिटी कंट्रोल -10000 रुपये -11000 रुपये
- कंपाउंड एक्वाकल्चर - 12000- 13000 रुपये
- बॉयो टेक्नोलॉजी - 14000- 15000 रुपये

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR
MUZAFFARPUR
DATE:21.05.2025
PAGE-04

## 24 तक विभाग को बताएं पीएचडी की रिक्त सीटें

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू ने एक साथ दो सत्रों के लिए पीएचडी एडमिशन टेस्ट के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं. सभी विभागों को पत्र भेजकर उनके यहां प्राध्यापकों के पास रिक्त सीटों की संख्या उपलब्ध कराने को कहा है. इसके लिए 24 मई तक का समय दिया गया है. इसके दो दिनों के बाद पैट-23 व पैट-24 के लिए एक साथ पोर्टल खोला जायेगा. दोनों सत्रों के लिए अलग-अलग रिक्ति भेजने को कहा है.

पैट के नोडल अधिकारी प्रो बीएस राय ने बताया कि पीजी विभागाध्यक्षों को पत्र भेजा है. उनकी ओर से रिक्ति भेजे जाने के बाद पोर्टल खुलेगा. छात्रों की सुविधा को लेकर इसबार पोर्टल पर रिक्ति भी पहले ही अपलोड कर दी जायेगी. पैट पूरी तरह से कदाचारमुक्त माहौल में हो, इसको लेकर विवि रणनीति बनाने में जुटा हुआ है.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 21.05.2025, PAGE-04

## बीएड प्रवेश परीक्षा में प्रत्येक तीन परीक्षा केंद्रों पर होगा एक फ्लाइंग स्क्वॉयड

**मुजफ्फरपुर.** 28 मई को होने वाली बीएड की प्रवेश परीक्षा के दौरान प्रत्येक तीन केंद्रों पर एक फ्लाइंग स्क्वायड की नियुक्ति की जाएगी. मुजफ्फरपुर में 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए हं. यहां 10 फ्लाइंग स्क्वॉयड तैनात किया जा सकता है. इसके अतिरिक्त प्रत्येक केंद्र पर नोडल विवि की ओर से भी ऑब्जर्वर नियुक्त किए जाएंगे. इसको लेकर मंगलवार को नोडल विवि की ओर से एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा. बीआरएबीयू के लिए 18332 अभ्यर्थियों ने इसबार आवेदन दिया है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR,
DATE:21.05.2025, PAGE-04

# जिस तिथि से द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा, उसके बाद तक नामांकन

- 29 मई से प्रस्तावित थी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा, अब 30 मई तक नामांकन की दी गयी तिथि

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू में स्नातक का सत्र पटरी से उतरना शुरू हो गया है. स्नातक सत्र 2024-28 के द्वितीय सेमेस्टर की जिस तिथि से परीक्षा प्रस्तावित थी, उसके बाद तक इस सेमेस्टर के विद्यार्थियों का कॉलेजों में दाखिला लिया जाएगा. ऐसे में परीक्षा व परिणाम पूर्व से प्रस्तावित तिथि तक नहीं आ पायेगा. दरअसल विवि ने द्वितीय सेमेस्टर में नामांकन के लिए 20 मई तक का समय दिया था, लेकिन कॉलेजों की लापरवाही के कारण इस अवधि तक सभी विद्यार्थियों का नामांकन नहीं लिया जा सका. ऐसे में विवि ने अब 30 मई तक नामांकन की तिथि विस्तारित कर दी. जबकि इस सेमेस्टर के विद्यार्थियों की परीक्षा 29 मई से ली जानी थी. अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो आलोक प्रताप सिंह की ओर से मंगलवार को प्राचार्यों को पत्र भेजा गया है. कहा है कि 21 से 30 मई तक हर हाल में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित कराएं. इसके बाद आगे मौका नहीं मिलेगा.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए दिये गये क्यू आर को स्कैन करें.

## 31 तक भरा जायेगा बीलिस का परीक्षा फॉर्म

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय की ओर से बीलिस ( बैचलर इन लाइब्रेरी साइंस) कोर्स में नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 31 मई तक बढ़ा दी है . परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने इस संबंध में सूचना जारी की है . बीलिस सत्र 2015-16 के द्वितीय सेमेस्टर व सत्र 2016-17 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए तैयारी की जा रही है .